तापमान

अधिकतम 39 .5 डिग्रीसे.
न्यूनतम 19 .5 डिग्रीसे.

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 13 जून 2026



12 मानसून में जलभराव से तीव्र निपटान के लिए ...





12 डाकघर में आधार सेवाएं शुरू सुधार की सभी ...




## खबर संक्षेप

### केयू आईआईएचएस में बीए हिंदी ऑनर्स में प्रवेश 21 तक

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज (आईआईएचएस) में बीए हिंदी ऑनर्स (स्कीम-सी) कार्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। आईआईएचएस की प्राचार्या प्रो. रीटा दलाल ने बताया कि पाठ्यक्रम में 20 सीटें उपलब्ध हैं तथा ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 21 जून है। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. महासिंह पूनिया के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप तैयार चार वर्षीय यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को हिंदी भाषा, साहित्य, पत्रकारिता, अनुवाद, डिजिटल लेखन, संचार और शोध के विविध आयामों से परिचित कराता है।

### पीएमएवाई किश्त गड़बड़ी पर दो कर्मियों को नोटिस

**थानेसर।** डीसी विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि पीएम आवास योजना (पीएमएवाई) की पहली किस्त अयोग्य व्यक्ति को जारी किए जाने के मामले में दो कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कर्मचारियों के जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही गलत तरीके से राशि लेने वाले व्यक्ति से रिकवरी की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। शुक्रवार को लघु सचिवालय में आयोजित सीएम विंडो समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को सबसे पुरानी 10 शिकायतों का निपटान 17 जून तक कर एटीआर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### फाइनेंस वाहन का फर्जी फॉर्म तैयार, केस दर्ज

**यमुनानगर।** यमुनानगर के जगाधरी में फाइनेंस किए गए वाहन के मामले में फर्जी फॉर्म-35 तैयार कर धोखाधड़ी करने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह मामला श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के कर्मचारी सचिन कुमार की शिकायत पर दर्ज हुआ। आरोप है कि विशाल कुमार, देवेंद्र कुमार और अब्दुल गफ्फार ने वाहन फाइनेंस के दौरान फर्जी दस्तावेज तैयार कर कंपनी को धोखा दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मुनाफा कमाने का लालच देकर ठगे 24 लाख रुपये

**यमुनानगर।** अधिक मुनाफे का लालच देकर एक व्यक्ति से 24.30 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। फ्लोररामा कॉम्प्लेक्स निवासी त्रिलोचन सिंह की शिकायत पर पुलिस ने धीरज सैनी, धर्मवीर वर्मा, डॉ. संदीप चौधरी, रतन त्यागी और अमित यादव के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपियों ने अप्रैल 2023 में उन्हें एक कंपनी में निवेश करने पर अच्छा मुनाफा मिलने का भरोसा दिलाया और 24.30 लाख रुपये निवेश करवा लिए। बाद में न तो लाभ दिया गया और न ही रकम लौटाई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पानीपतः मां व बेटे को गंभीर घायल किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव नौल्था स्थित इंदिरा कॉलोनी में पुरानी रंजिश के चलते अनीता और उसका बेटा विकास को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। दोनों को वीरवार की देर रात पानीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरी ओर, अनीता की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने बंटी उर्फ अंकित व चिंटा पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### इटली भेजने के नाम पर 8 लाख की ठगी, केस

**पानीपत।** गांव उरलाना खुर्द निवासी सुखदेव से इटली भेजने का झांसा देकर 8 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने शिकायत करनाल रेंज के एडीजीपी को दी, जिसके बाद थाना मतलौडा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कैथल के गांव बरसाना निवासी सुनील के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

## अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंचा, दिनभर चली ठंडी हवाओं से लोगों ने राहत महसूस की

**कई घंटे बिजली कट से लोग परेशान, इनवर्टर भी जवाब दे गया**

# कुरुक्षेत्र, रादौर, बराड़ा में तूफान-बारिश ने मचाई तबाही 100 से अधिक पेड़ और बिजली के खंभे गिरे





कुरुक्षेत्र। सुंदरपुर फ्लाइओवर पर सड़क के बीचो बीच पड़ा पेड़ एवं गांव सरायसुखी में खेत में गिरा पड़ा ट्रांसफार्मर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गुरुवार देर रात आए तेज तूफान और बारिश ने जिले में भारी तबाही मचा दी। आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि 100 से अधिक पेड़, बिजली के खंभे और कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए। इसके चलते शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। बिजली निगम की टीमें देर रात से ही बहाली कार्य में जुटी हुई हैं, जबकि कई इलाकों में मरम्मत कार्य जारी है। शहर में दुखभंजन महादेव मंदिर मोड़, पैनोरमा के समीप, सुदरपुर फ्लाइओवर, काली कमली मंदिर और सेक्टर-17 सहित कई स्थानों पर बड़े पेड़ सड़क पर गिर गए, जिससे यातायात बाधित हो गया। दुकानों के फ्लेक्स और होर्डिंग्स तेज हवाओं में उड़ गए। गांव सरायसुखी में खेतों के बीच लगा बिजली ट्रांसफार्मर गिर गया, वहीं कई गांवों में पेड़ उखड़कर सड़कों और खेतों में आ गिरे, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। हालांकि तेज बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत भी मिली।मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले दिनों की तुलना में कम रहा। दिनभर चली ठंडी हवाओं से मौसम सुहावना बना रहा।

### नए बस अड्डे पर पेड़ गिरा, वाहन क्षतिग्रस्त

तेज हवा और बारिश से नए बस अड्डे के पास भी बड़ा नुकसान हुआ। पार्किंग में खड़ा एक विशाल सफेदे का पेड़ अचानक गिर गया। पेड़ की चपेट में आने से कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इसकी चपेट में एक ऑटो, एक रेहड़ी और कई बाइकें पेड़ के नीचे दब गईं। गनीमत रही इस दौरान कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। वही शाहाबाद के रावा गांव में एक कच्चे मकान की छत गिर गई। हादसे में मकान के अंदर सोए बलदेव सिंह मलबे के नीचे दब गए। परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों ने तुरंत उन्हें बाहर निकाला और शाहाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

### गड्ढे में साइकिल और बुलेट गिरी

पिहोवा के मॉडल टाउन एरिया में खोदे गए गड्ढे में रात को साइकिल और बुलेट बाइक सवार 2 लोग गिर गए। बारिश की वजह से गड्ढे में पानी भर चुका था। इस वजह उनको पता नहीं चल पाया कि यहां गड्ढा खोदा गया है। साइकिल सवार खुद गड्ढे से बाहर आ गया, जबकि अली मुर्तिजा और उसे साथी को लोगों ने बाहर निकाला।

## रादौर में 11 हजार केवी की तार दुकान पर गिरने से भारी नुकसान





रादौर। आढ़ती की दुकान के ऊपर गिरा खंभा एवं गांव बुबका में टूटा खंभा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर क्षेत्र में वीरवार रात को आई तेज आंधी व बारिश के कारण क्षेत्र में भारी तबाही हुई है। शहर के एसके रोड पर सफेदे के बड़े बड़े टहने टूटकर सड़कों पर गिर गए। वहीं बिजली के खंभे भी टूटकर सड़कों पर गिर गए। जिससे सड़कों पर तारों का जाल फैल गया। शहर के कच्चा घाट पर तेज हवा के चलते पेड़ का टहना टूटकर 11 हजार केवी की तारों पर गिर गया। जिससे बहुत जोर से धमाका हुआ। गनीमत रही कि उस समय कोई आसपास नहीं था, नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। इसके अलावा भारी बारिश व आंधी के चलते शहर के रादौर-जठलाना रोड पर भी बड़े बड़े टहनों के कारण बिजली की तारें टूटकर नीचे लटक गई। शहर की अनाजमंडी में भी खंभे टूटने से 11 हजार केवी की तारें एक आढ़ती की दुकान पर गिर जाने से एसी व इनवर्टर खराब हो गए। जिससे आढ़ती को हजारों रूपये का नुकसान हुआ है। वहीं गांव बुबका में भी खंभे उखड़कर खेतों में गिर गए। खेतों में तारों का जाल फैल गया। बिजली निगम के अधिकारी दिनभर कड़ी मेहनत कर बिजली आपूर्ति में आ रही बाधाओं को दूर करते नजर आए। बिजली निगम के कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने 3 से 4 बार अधिकारियों को पेड़ के टहने काटने के लिए लिफ्ट की मांग की है, लेकिन उनको लिफ्ट अभी तक उपलब्ध नहीं करवाई गई।

## बराड़ाः मकान पर गिरा पेड़, बाल-बाल बचा दंपति



बराड़ा। आंधी के कारण गिरा पेड़। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

रात आए तेज तूफान और बारिश के दौरान एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। दोसड़का रोड स्थित एक मकान पर सफेदे का विशाल पेड़ गिरने से दीवार ढह गई और हजारों रुपये की संपत्ति क्षतिग्रस्त हो गई। राहत की बात यह रही कि आंगन में टहल रहे दंपति ने समय रहते खतरे को भांप लिया और घर के अंदर भागकर अपनी जान बचा ली। दोसड़का रोड पर बंसल पैलेस के सामने रहने वाले कृष्ण कुमार जैन के मकान की चारदीवारी के साथ एक सफेदे का पेड़ खड़ा था, जो पिछले कई महीनों से टेढ़ा हो चुका था। पेड़ के गिरने की आशंका को देखते हुए कृष्ण कुमार जैन ने वन विभाग को लिखित शिकायत देकर इसे हटाने की मांग भी की थी, लेकिन समय रहते कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित जैन ने बताया कि वीरवार रात करीब सवा नौ बजे तेज आंधी और बारिश शुरू हुई। उसी दौरान वह अपनी पत्नी के साथ आंगन में टहल रहे थे। अचानक आवाज के साथ सफेदे का विशाल पेड़ उनकी चारदीवारी तोड़ता हुआ आंगन में आ गिरा। खतरे को देखते हुए दोनों तुरंत घर के अंदर भाग गए, जिससे उनकी जान बच गई। पेड़ गिरने से मकान की दीवार, लोहे की ग्रिल और आंगन में लगी टाइलें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।

---



### इलेक्ट्रिक स्कूटी में धमाके के साथ लगी आग, पूरी तरह जली

**यमुनानगर।** सौंधी मोहल्ला क्षेत्र में चलती इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक तेज धमाके के साथ आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरी स्कूटी जलकर खाक हो गई। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और करीब 15 से 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जो राहत की बात रही। जानकारी के अनुसार आजाद नगर निवासी बृजभूषण की जॉय कंपनी की इलेक्ट्रिक स्कूटी एक परिचित उपयोग कर रहा था, तभी अचानक धुआं निकलने लगा। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत स्कूटी रोककर खुद को दूर कर लिया, बड़ा हादसा टल गया।

## आर्यवीर-वीरांगना दल के करतब को गुजरात के राज्यपाल ने देखा



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र स्थित गुरुकुल में आयोजित सार्वदेशिक आर्यवीर एवं वीरांगना दल के राष्ट्रीय शिविर का गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने प्रातःकालीन सत्र में निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से आए युवाओं और युवतियों के अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और शारीरिक क्षमता की सराहना की।शिविर में प्रतिभागियों को अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा योग, सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार, सर्वांग सुन्दर व्यायाम के साथ-साथ आत्मरक्षा के लिए लाठी संचालन, तलवारबाजी, जूडो-कराटे आदि का सघन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं आर्य वीरांगनाएं डम्बल और लेजियम जैसे व्यायामों का अभ्यास कर अपनी शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन कर रही थीं। निरीक्षण के दौरान नन्हीं आर्य वीरांगनाओं का आत्मरक्षा और शारीरिक कौशल का प्रदर्शन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उनकी फुर्ती, साहस और दृढ़ता को देखकर राज्यपाल आचार्य देवव्रत भी प्रभावित हुए और उन्होंने खुले मन से उनकी प्रशंसा की।इस अवसर पर आचार्य नंदकिशोर सहित कई पदाधिकारी, प्रशिक्षक एवं आर्य प्रतिनिधि सभा के सदस्य मौजूद रहे।

### यमुनानगरः ज्वेलर्स की दुकान से ढाई लाख रुपये के गहने चोरी

**यमुनानगर।** शहर के गुरु अर्जुन नगर जगाधरी स्थित संगम ज्वेलर्स की दुकान से चोरों ने ढाई लाख रुपये के गहने चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गुरु अर्जुन नगर निवासी मदन मोहन ने हुड्डा सेक्टर 17 पुलिस थाने में थी शिकायत में बताया कि उसकी कॉलोनी में ही संगम ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। नौ जून को वह रात सवा आठ बजे दुकान बंद कर अपने घर चला गया था। सुबह जब वह दुकान पर आया तो उसे दुकान का लगा ताला टूटा हुआ मिला और अंदर सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर दुकान से सोने व चांदी की आभूषण व अन्य सामान गायब मिला। जिनकी कीमत करीब ढाई लाख रुपए है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## चोरी की वारदातों का हुआ खुलासा 4 साइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार

**दोनों मामलों में तकनीकी जांच और त्वरित कार्रवाई के आधार पर पकड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

थाना अंबाला छावनी पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए टिंबर मार्केट से साइकिल चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से चोरी की कुल 4 साइकिलें बरामद की गई हैं। जांच अधिकारी परवेश कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता विभोर ने 11 जून 2026 को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, बीती 4 जून 2026 को टिंबर मार्केट से किसी ने उनकी साइकिल चोरी कर ली थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तुरंत मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी थी। पुलिस की टीम ने मामले में मुस्तैदी दिखाते हुए तकनीकी आधार पर कार्रवाई की और वारदात में संलिप्त आरोपी सागर को काबू कर लिया। पुलिस द्वारा गहनता से की गई पूछताछ के बाद आरोपी की निशानदेही पर साइकिल सहित कुल 4 चोरीशुदा साइकिलें बरामद की गईं। पुलिस टीम द्वारा आरोपी सागर को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उसे अब जेल भेज दिया गया है।

#### दो बाइक बरामद

एवीटी टीम ने बाइक चोरी के अलग-अलग दो मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को काबू किया। एवीटी निरीक्षक ऋषिपाल ने बताया कि शिकायतकर्ता छेदा लाल ने 21 मई 2026 को शिकायत दी थी कि 19 मई 2026 को आरोपी ने उसके घर से बाहर से बाइक चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। जांच टीम ने मामले में संलिप्त आरोपी जोनी उर्फ बाबा निवासी गांव नग्गल गढोली को काबू कर बाइक बरामद कर ली है। दूसरे मामले में शिकायतकर्ता लक्ष्य ने 9 जून 2026 को शिकायत दी थी कि आरोपी ने गांव अद्योया से उसकी बाइक चोरी की है।



अंबाला। चोरीशुदा साइकिलों के साथ आरोपी।

---

## 209 गज प्लॉट की खरीद के बाद भी न कब्जा मिला न रकम वापस हुई, धोखाधड़ी का आरोप

**मंत्री ने आवास पर लोगों की शिकायतें सुनीं**

# टुंडला व डिफेंस कॉलोनी में कब्जा व मारपीट मामले पर अनिल विज सख्त, बोले- गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने डिफेंस कॉलोनी में जमीनी धोखाधड़ी व टुंडला में जमीन पर कब्जा व मारपीट मामले में कड़ा संज्ञान लेते हुए पंजोखरा थाना पुलिस को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुंडागर्दी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी, उन्होंने इन मामलों में कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस को दिए।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज के समक्ष टुंडला के रहने वाले एक परिवार के सदस्यों ने बताया कि उन्होंने जमीन पर पेड़ काटने की शिकायत नगर परिषद से की थी। जब मौका देखने के लिए कर्मचारी मौके पर पहुंचे तो यहीं के रहने वाले व्यक्ति ने इसका विरोध जताया और कस्सी लेकर परिवार पर हमला किया। इस मामले में की शिकायत पुलिस से भी की गई थी, मगर अब तक कोई कार्रवाई नहीं। परिवार का आरोप था कि पूर्व में भी आरोपियों ने उनकी जमीन पर जबरन कब्जा किया था, जिसपर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। विज ने मामले में पंजोखरा थाना पुलिस को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार डिफेंस कॉलोनी सेक्टर-सी में जमीनी धोखाधड़ी मामले की शिकायत पीड़ित परिवार ने विज को दी। टुंडला के परिवार ने बताया कि उन्होंने डिफेंस कॉलोनी के प्रापर्टी डीलर के माध्यम से 209 वर्ग गज का प्लाट खरीदा था। इसके लिए उन्होंने प्रॉपर्टी डीलर को राशि दी व रजिस्टरी भी उनके नाम हुई। मगर तब उन्होंने तहसीलदार से निशानदेही कराई तो पता चला कि यह प्लाट कागजों में किसी और के नाम है। परिवार ने बताया कि उन्होंने प्रापर्टी डीलर से प्लाट उनके नाम करने को कहा तो न तो उन्हें प्लाट मिला न ही राशि लौटाई गई। उल्टा प्रापर्टी डीलर ने फर्जी एग्रीमेंट कर उनके साथ धोखाधड़ी की। इस मामले में ऊर्जा मंत्री ने पंजोखरा थाना पुलिस को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी प्रकार अन्य शिकायतें आई जिनपर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। पंजोखरा साहिब गांव से आए लोगों ने बिजली की तारों की लाइन को ठीक कराने, एकता विहार क्षेत्र निवासी लोगों ने पानी निकासी ठीक कराने, बब्याल निवासी महिला ने बिजली बिल ठीक कराने एवं अन्य शिकायतें आई जिन पर कार्रवाई के निर्देश दिए।



अंबाला। आवास पर लोगों की शिकायतें सुनते मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

### मंत्री से झींडा ने की मुलाकात

ऊर्जा मंत्री अनिल विज के निवास पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष जगदीश सिंह झींडा ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

### पानीपतः शराब व्यापारी ने पार्टनर को गोली मारी

**पानीपत।** पानीपत के गांव मतलौडा में शराब व्यापार से जुड़े लेनदेन विवाद में एक व्यक्ति को गोली मारकर घायल कर देने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, गांव जोशी निवासी शराब व्यापारी सोनू नरवाल ने अपने ही पार्टनर अंशुल निवासी गांव अटावला को अपने प्रतिष्ठान पर गोली मार दी। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच लंबे समय से शराब व्यापार में पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते यह गंभीर वारदात हुई। गोली लगने से अंशुल गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। घायल अंशुल की शिकायत के आधार पर थाना मतलौडा में आरोपी सोनू नरवाल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### कैंटर की चपेट में आने से बाइकर्स की मौत

**यमुनानगर।** छछरौली स्थित सोम नदी पुल के पास कैंटर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कैंटर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव कोट मुस्तरका निवास से सुनील कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही 32 वर्षीय अनिल कुमार वीरवार को अपनी बाइक से जा रहा था। जब वह छछरौली के पास सोम नदी पुल के नजदीक पहुंचा तो तेज गति से आ रहे कैंटर ने अनिल कुमार की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अनिल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी कैंटर चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घायल अनिल कुमार को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

## खबर संक्षेप

### जेठ पर महिला से छेड़छाड़ का आरोप

**करनाल।** जिले के कुंजपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। महिला ने अपने जेठ पर देर रात कमरे में घुसकर अशोभनीय हरकत करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि 9 जून की रात करीब साढ़े 11 बजे वह घर में अपने कमरे में सो रही थी। उस समय उसका पति किसी काम से बाहर गया हुआ था। आरोप है कि इसी दौरान उसका जेठ कमरे में घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। महिला ने शोर मचाया, जिसके बाद उसकी चीख-पुकार सुनकर सास और ससुर मौके पर पहुंच गए। परिवार के अन्य सदस्यों को आता देख आरोपी वहां से फरार हो गया।

### पश्चिमी यमुना नहर से मिला व्यक्ति का शव

**करनाल।** कैथल पुल के पास स्थानीय लोगों ने नहर में एक शव बहता हुआ देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रामनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोर प्रगट सिंह की मदद से शव को बाहर निकाला गया। शव की हालत अत्यंत खराब होने के कारण उसकी पहचान कर पाना मुश्किल हो रहा था।पुलिस ने मौके पर शव के कपड़ों की तलाशी ली, लेकिन कोई पहचान पत्र या अन्य दस्तावेज बरामद नहीं हुए। इसके बाद मृतक की पहचान के लिए शव की तस्वीर विभिन्न थानों में भेजी गई है।

### प्रॉपर्टी आईडी के लिए 15 और 16 को लगेंगे शिविर

**करनाल।** नगर निगम क्षेत्र में प्रॉपर्टी आईडी के सेल्फ सर्टिफिकेशन के लिए प्रत्येक सोमवार और मंगलवार को वार्डवार विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 15 और 16 जून को भी विभिन्न वार्डों में शिविर लगाए जाएंगे। यह जानकारी उप निगमायुक्त विनोद नेहरा ने दी। 15 जून को वार्ड नंबर-9 के सामुदायिक केंद्र सेक्टर-7 तथा वार्ड नंबर-19 में रामनगर चार खंभा चौक स्थित पार्षद कार्यालय में शिविर आयोजित किए जाएंगे। वहीं 16 जून को वार्ड नंबर-10 के सेक्टर-13 स्थित सामुदायिक केंद्र और वार्ड नंबर-20 में काछवा रोड स्थित सूर्य मंदिर छठ धर्मशाला में नागरिकों को सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का किया निरीक्षण

**करनाल।** उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने शुक्रवार को स्मार्ट सिटी के तहत निर्माणाधीन विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण कर संबंधित एजेंसियों को कार्य में तेजी लाने और निर्धारित समय सीमा में परियोजनाओं को पूरा करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ हरियाणा नर्सिंग होम से महर्षि वाल्मीकि चौक होते हुए पुराने बस अड्डे तक निर्माणाधीन एलिवेटेड पुल का जायजा लिया। प्रतिनिधियों ने बताया कि पुल का करीब 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। जनवरी 2027 तक निर्धारित इस परियोजना को दो से तीन माह पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। करीब 128 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस पुल की कुल लंबाई 3.280 किलोमीटर है।

## बिल पास करने के नाम पर नपा प्रधान पर रिश्वत मांगने का आरोप

# ठेकेदार ने उखाड़ा नपा प्रधान का साइन बोर्ड

- नगर पालिका क्षेत्र में लगाए गए साइन बोर्ड को लेकर विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

इंद्री नगर पालिका क्षेत्र में लगाए गए साइन बोर्ड उस समय विवादों के घेरे में आ गए जब साइन बोर्ड लगाने वाले ठेकेदार ने इंद्री के एसडीएम को लिखित शिकायत देकर नगर पालिका इंद्री के प्रधान पर बिल पास करने के नाम पर 35 हजार रिश्वत मांगने के आरोप लगा दिए। जिसके बाद प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई शुरू हो गई है। शिकायतकर्ता दी रोज गुढा को ऑपरेटिव एल एंड सी सोसायटी के प्रधान सचिन कुमार ने एसडीएम को दी लिखित शिकायत में बताया कि उनकी सोसाइटी ने इंद्री शहर में नगर पालिका के सभी पार्षदों तथा नगर पालिका प्रधान के साइन बोर्ड लगाने का कार्य किया था। इस कार्य का बिल एचईडब्लयूपी के माध्यम से 3 लाख 73 हजार का बिल तैयार किया गया था, जिस पर नगर पालिका के एमई, जेई तथा सचिव के हस्ताक्षर भी हो चुके थे। शिकायतकर्ता सचिन कुमार के अनुसार, 4 जून को वह बिल पर हस्ताक्षर करवाने के लिए नगर पालिका प्रधान राकेश कुमार के पास गया था जिसके बाद 9 जून को प्रधान ने उन्हें फोन कर अपने घर बुलाया और बिल पास करने की एवज में 35 हजार की मांग की। जब उन्होंने रिश्वत देने से इनकार कर दिया तो प्रधान ने फाइल पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया वही पेमेंट नही होनें से नाराज ठेकेदार ने विश्वकर्मा चौक के पास लगाया गया नगर पालिका प्रधान का साइन बोर्ड भी उखाड़ लिया। इस घटना के बाद मामला शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।



इंद्री। विश्वकर्मा चौक के पास नपा प्रधान के साइन बोर्ड को उखाड़ता ठेकेदार ।

### भुगतान के लिए नपा को निर्देश : रामकुमार

उधर, इस मामले में नगर पालिका प्रधान राकेश कुमार का पक्ष जानने के लिए संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। इस मामले मे इंद्री के एसडीएम डा रमन गुप्ता ने बताया कि दी रोज गुड़ा कोऑपरेटिव सोसायटी की शिकायत को आगामी कार्रवाई के लिए नगर निगम आयुक्त को भेज दिया गया है। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में है। ठेकेदार की पेमेंट में देरी हुई है और ठेकेदार का भुगतान करवाने के लिए नगर पालिका को निर्देश दिए गए हैं।

## रोजगार मेले में 42 अभ्यर्थी शॉर्टलिस्ट किए, योजनाओं की दी गई जानकारी

- एडीसी डॉ. राहुल रईया ने पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के तहत शुक्रवार को मंडल रोजगार कार्यालय करनाल में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. राहुल रईया की उपस्थिति में हुआ।

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. राहुल रईया ने कहा कि रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं को योग्यता के आधार पर पारदर्शी तरीके से रोजगार उपलब्ध कराया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि औद्योगिक इकाइयों में कुशल एवं अर्द्धकुशल कर्मचारियों को निर्धारित न्यूनतम वेतन सुनिश्चित कराया जाए तथा रोजगार की तलाश में आने वाले युवाओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

उन्होंने रोजगार मेलों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, कार्यालयों में साफ-सफाई बनाए रखने तथा आवश्यक दस्तावेजों को डिजिटल माध्यम से सुरक्षित रखने के निर्देश भी दिए। सहायक रोजगार अधिकारी सृष्टि ने बताया कि रोजगार मेले में चार नियोक्ताओं ने भाग लिया, जिसमें 107 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। इनमें से 42 अभ्यर्थियों को चयन के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। मेले के दौरान युवाओं को रोजगार विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं, स्वरोजगार कार्यक्रमों, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण सुविधाओं की भी जानकारी दी गई।



## विकास कार्यों से बदल रही गांवों की तस्वीर : हरविन्द्र

- पिंगली और घोघड़ीपुर में संपर्क मार्गों का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि विकास और तरक्की की सोच के साथ आगे बढ़ने से ही समाज और राष्ट्र मजबूत बनता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक इसी दिशा में कार्य कर रहे हैं।

विधानसभा अध्यक्ष शुक्रवार को गांव पिंगली और घोघड़ीपुर में विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन के बाद ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पिंगली में घोघड़ीपुर रोड से पवन के फार्म तक पंचायती राज विभाग द्वारा बनाए गए रास्ते का उद्घाटन किया, जिस पर 14.40 लाख रुपये खर्च हुए हैं। इसके अलावा घोघड़ीपुर में जिला परिषद की ओर से नरू खेड़ी तक 3.32 किलोमीटर लंबी सड़क के नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन किया गया, जिस पर 93 लाख रुपये की लागत आई है। मंडी बोर्ड की ओर से पिंगली तक 2.53 किलोमीटर लंबी संपर्क सड़क का भी लोकार्पण किया गया, जिसकी लागत 116.70 लाख रुपये रही।

उन्होंने ग्रामीणों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करने तथा पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सहयोग करने की अपील की।

### ये रहे उपस्थित

गांव पिंगली में जिला भाजपा महामंत्री सुभाष कश्यप, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, जिला पार्षद पाला राम, ब्लॉक समिति चेयरमैन सतीश तथा बीडीपीओ सार्थक मौजूद रहे। वहीं घोघड़ीपुर में सरपंच संगीता, अशोक, कमलेश मान सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## निशान यात्रा में जेबतराश हुए सक्रिय, 9 श्रद्धालु बने शिकार

- एकादशी पर निकाली गई निशान यात्रा, दो मोबाइल भी गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

शहर में गुरूवार को एकादशी के पावन अवसर पर निकाली गई निशान यात्रा में जेबतराशों ने कई श्रद्धालुओं को अपना निशाना बना लिया। यात्रा के दौरान करीब 9 लोगों की जेबें साफ कर दी गईं, वहीं दो मोबाइल फोन भी चोरी हो गए। जेबें साफ होने तब पता चला जब श्रद्धालु अपने घर जा चुके थे। जानकारी के अनुसार, मंडल की ओर से निकाली गई यह निशान यात्रा मुख्य बाजार से होती हुई श्री खाटू श्याम मंदिर तक पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और जगह-जगह ठंडे जल की छबील लगाकर सेवा कार्य भी किया गया। इसी दौरान महावीर मंदिर के सामने छबील के आयोजक रिंकू चुघ सेवादार की जेब से 9200 रुपये निकाल लिये गए। इसके अलावा नरेश कुमार के 2500 रुपये, पंजाबी मार्केट निवासी ललित वलेचा के 3000 रुपये, अनाज मंडी के काका ब्रेड वाले के 4500 रुपये, मोहित पोपली के लगभग 3000 रुपये और काला सब्जी विक्रेता का पर्स भी चोरी हो गया। वहीं बिट्टू नामक व्यक्ति के 1000 रुपये भी जेबतराशों ने उड़ा लिए। पूरी यात्रा के दौरान दो मोबाइल फोन भी चोरी होने की पुष्टि हुई है।

## विद्यालयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

- शिक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने के लिए एनईपी सेल गठन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, पर्यावरण संरक्षण और स्कूलों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने जिला एवं ब्लॉक स्तर पर एनईपी सेल गठित करने के निर्देश दिए, ताकि शैक्षणिक गतिविधियों की प्रभावी निगरानी हो सके। जिन प्राथमिक विद्यालयों में बिजली की समस्या है, वहां सोलर पैनल लगाने की योजना पर कार्य किया जाए और इसकी रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत की जाए। मानसून को देखते हुए उपायुक्त ने सरकारी स्कूलों में बने रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को तत्काल चालू करने तथा बंद या जाम पड़े सिस्टम की सफाई करवाने के निर्देश दिए।



करनाल। शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक लेते डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा।

## फायर सेफ्टी कार्यशाला में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने की सहभागिता

# औद्योगिक एवं संस्थागत सुरक्षा समय की जरूरत

- जनसुनवाई में सुनीं समस्याएं, भाजपा नेताओं ने दी राज्यसभा सदस्यों को बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में शुक्रवार को सुरक्षा जागरूकता, जनसमस्याओं के समाधान और राजनीतिक गतिविधियों से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स के हरियाणा स्टेट सेंटर की ओर से आयोजित फायर सेफ्टी कार्यशाला में जहां महापौर रेणु बाला गुप्ता ने औद्योगिक एवं संस्थागत सुरक्षा को समय की आवश्यकता बताया, वहीं नगर निगम कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में उन्होंने नागरिकों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। दूसरी ओर, भाजपा नेताओं ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने पर खुशी व्यक्त की। द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स के हरियाणा स्टेट सेंटर द्वारा /"एक्सीडेंट्स एंड फायर इश्यूज-इंडस्ट्रीज एंड इंस्टीट्यूशंस/" विषय पर इंटरैक्टिव कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में उद्योगों, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य कार्यस्थलों पर अग्नि सुरक्षा, दुर्घटना रोकथाम, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने जानकारी साझा की।

दिल्ली फायर सर्विस के पूर्व निदेशक आरसी शर्मा सहित विशेषज्ञों ने कहा कि सुरक्षा मानकों का पालन, नियमित प्रशिक्षण और जागरूकता से दुर्घटनाओं की संभावना को काफी हद तक कम किया जा सकता है। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होते हैं और सुरक्षित कार्यस्थल ही विकास की मजबूत नींव हैं।




### जनसुनवाई में शिकायतों का मौके पर समाधान

नगर निगम कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान महापौर रेणु बाला गुप्ता ने नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।
महापौर ने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने स्वच्छता, जल निकासी, सड़क व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट और सफाई व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर निगरानी रखने पर बल दिया। उन्होंने नागरिकों से भी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखने और शहर के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

### व्यक्ति की मदद करने उतरे युवक को ट्रक ने कुचला, मौत

**करनाल।** करनाल में एक बेहद दर्दनाक और दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवक को सड़क पर फंसे अनजान व्यक्ति की मदद करना भारी पड़ गया। वीरवार देर रात आए तेज तूफान और मूसलाधार बारिश के बीच इंसानियत दिखाते हुए एक युवक अपनी जान गंवा बैठा। कैथल रोड स्थित लाडो धाम के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। जुंडला का रहने वाला 19 वर्षीय कर्ण अपनी कार से घर लौट रहा था। मौसम बेहद खराब था और तेज बारिश के साथ तूफान चल रहा था। जब वह कैथल रोड पर लाडो धाम के नजदीक पहुंचा, तो उसने देखा कि रास्ते में एक भारी-भरकम पेड़ गिरा हुआ है और उसके नीचे एक व्यक्ति दबा (फंसा) हुआ है।

## न्यूज डायरी

### स्कूलों में चोरी करने वाले दो गिरोहों का भंडाफोड़



**करनाल।** जिला पुलिस करनाल की सीआईए-3 टीम ने सरकारी स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और मिड-डे मील केंद्रों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो गिरोहों का पर्दाफाश करते हुए छह आरोपियों और चोरी का सामान खरीदने वाले दो कबाड़ियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 29 गैस सिलेंडर, 13 कट्टे गेहूं, दो इनवर्टर बैटरियां, रसोई के बर्तन, वारदात में प्रयुक्त दो ऑटो और 69 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। डीएसपी राजीव कुमार ने बताया कि पिछले कुछ समय से जिले के विभिन्न सरकारी संस्थानों में चोरी की घटनाएं सामने आ रही थीं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सीआईए-3 इंचार्ज निरीक्षक अजेय कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की गई। आरोपियों की पहचान अरुण पुत्र ओमप्रकाश, संजीव उर्फ सचिन पुत्र राकेश कुमार, तिलक राज पुत्र नसीब सिंह, अमन पुत्र ओमप्रकाश, आर्यन पुत्र नरेश, सौरभ उर्फ कार्तिक पुत्र सोमपाल, गलशन उर्फ सोन पुत्र राजाराम तथा गौतम पुत्र राजीव के रूप में हुई है। आरोपी रात के समय सुनसान सरकारी संस्थानों को निशाना बनाकर चोरी का सामान कबाड़ियों को बेच देते थे। डीएसपी राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच जारी है और आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की भी पड़ताल की जा रही है।

### संगठन को मजबूत करने पर कांग्रेस का जोर



**करनाल।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की मासिक समीक्षा बैठक शुक्रवार को करनाल स्थित जाट धर्मशाला में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव सूरज हेगड़े के आकस्मिक निधन पर शोक प्रस्ताव के साथ हुई। बैठक में जिला अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद प्रदेशभर में पिछले एक माह के दौरान हुए संगठनात्मक कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जिला अध्यक्षों ने जनसंपर्क अभियानों, आंदोलनों और संगठन विस्तार गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की।
राव नरेंद्र सिंह ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और जनता के बीच सक्रिय रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर स्थापित लाइब्रेरी का नाम बदलना उचित नहीं है और सरकार को इस निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने 30 सितंबर तक धरना-प्रदर्शनों पर लगाए गए प्रतिबंध को लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़ा मुद्दा बताते हुए इसका विरोध किया। रोहतक की आगजनी की घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को मुआवजा और प्रभावित परिवारों को राहत देने की मांग की गई। बैठक में संगठनात्मक अनुशासन पर जोर देते हुए स्पष्ट किया गया कि जिले में कांग्रेस के नाम पर आयोजित किसी भी कार्यक्रम के लिए संबंधित जिला अध्यक्ष की पूर्व जानकारी और अनुमति आवश्यक होगी। अंत में संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया गया।

### नपा तरावड़ी ने चलाया 4 बीन 1 हैबिट अभियान


तरावड़ी। स्वच्छता टीम लोगों को डस्टबिन के उपयोग की जानकारी देते हुए।

**तरावड़ी।** नगर पालिका तरावड़ी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 8 जून से 12 जून 2026 तक वार्ड-टू-वार्ड 4 बीन 1 हैबिट अभियान चलाया गया। यह अभियान नगर पालिका सचिव अजीत कुमार के निर्देशानुसार संचालित किया गया, जिसका उद्देश्य शहर में स्वच्छता को बढ़ावा देना और कचरे के सही निपटान के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। अभियान के तहत स्वच्छता टीम ने घर-घर जाकर लोगों को चार रंगों के डस्टबिन—हरा, नीला, पीला और लाल—के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। टीम ने समझाया कि हरे रंग के डस्टबिन में गीला (गलनशील) कचरा जैसे रसोई से निकलने वाला जैविक अपशिष्ट डाला जाए, जबकि नीले डस्टबिन में सूखा कचरा जैसे प्लास्टिक, पॉलिथीन और खाली बोतलें डाली जाएं। इसी प्रकार पीले रंग के डस्टबिन में सेनेटरी पैड, बच्चों के डायपर व उपयोग की गई पट्टियां डालने के निर्देश दिए गए, जबकि लाल डस्टबिन को खतरनाक कचरे जैसे केमिकल युक्त खाली बोतलों के लिए निर्धारित किया गया। नगर पालिका के मोटिवेटर परविंदर सिंह और राजवंती ने नागरिकों को कचरे को घर पर ही अलग-अलग करने की आदत अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि नगर पालिका की कचरा संग्रहण गाड़ी आने पर अलग-अलग कचरे को अलग-अलग ही सौंपना चाहिए, ताकि उसका सही ढंग से निपटान हो सके। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाना तथा नागरिकों में जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।

### बिजली के खंभे में भीषण आग, बड़ा हादसा टला



**तरावड़ी।** शनिवार सुबह तरावड़ी के मुख्य बाजार चौक में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक बिजली के खंभे पर अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते चारों ओर घना धुआं फैल गया और आसपास मौजूद लोगों में हडकंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार सुबह करीब 8 बजे बिजली के खंभे से अचानक चिंगारी निकली, जिसने कुछ ही पलों में विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें लगभग 8 बिजली मीटरों तक फैल गईं। गनीमत रही कि उस समय बाजार में आवाजाही कम थी, जिससे कोई बड़ा हादसा होने से बच गया। खंभे के पास स्थित एक रेडीमेड शोरूम और करियाना दुकान भी आग की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। दुकानदारों के अनुसार इस घटना में करीब 8 बिजली के मीटर जलकर राख हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत बिजली विभाग को सूचित किया। बिजली विभाग की टीम ने तुरंत बाजार की बिजली सप्लाई बंद कर दी और मौके पर पहुंचकर हालात को काबू में किया। बिजली विभाग द्वारा जले हुए मीटरों को बदलने का कार्य शुरू कर दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक मौके पर मीटर बदलने का कार्य जारी था।

### शिविर में 94 स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान

**करनाल।** हरियाणा के जेल महानिदेशक आलोक मित्तल के मार्गदर्शन में डिस्ट्रिक्ट जेल करनाल और जेल ट्रेनिंग एकेडमी करनाल द्वारा संयुक्त रूप से विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। /"हर बूंद कीमती है, हर रक्तदाता मायने रखता है/" थीम के तहत आयोजित इस शिविर में कुल 94 स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में जेल ट्रेनिंग एकेडमी के 43 प्रशिक्षु तथा डिस्ट्रिक्ट जेल करनाल एवं हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन मधुबन के 51 कर्मचारी शामिल रहे। कार्यक्रम सामाजिक जिम्मेदारी और मानव जीवन बचाने की भावना को समर्पित रहा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूनम चौधरी और उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिम्मी कपूर ने शिविर का दौरा कर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. संजय ने रक्त संग्रह प्रक्रिया का संचालन किया। स्वास्थ्य अधिकारियों ने नियमित रक्तदान की आवश्यकता पर बल देते हुए इसे जीवन रक्षक अभियान बताया। जिला जेल अधीक्षक लखबीर सिंह ने स्वयं रक्तदान कर अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रशिक्षुओं को ऐसी मानवीय पहल में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक है। जेल ट्रेनिंग एकेडमी के प्रिंसिपल-सह-जेल अधीक्षक हरिंदर ने कहा कि विश्व रक्तदाता दिवस सुरक्षित रक्त की उपलब्धता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वैच्छिक रक्तदाताओं के योगदान को सम्मान देने का अवसर है।

## खबर संक्षेप

### सोनीपत से बाइक चोर गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने सेक्टर 25 पार्ट टू में फैक्टरी के बाहर से बाइक चोरी करने के आरोपी बबलू उर्फ राहुल निवासी डेरा भागीरथ खानपुर शामली यूपी हाल इंडो फार्म कॉलोनी, पानीपत को सोनीपत से गिरफ्तार किया। थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि बाइक चोरी की उपरोक्त मामले में इंडो फार्म कॉलोनी निवासी शिवम पुत्र ब्रहम सिंह की शिकायत पर केस दर्ज है।

### हरियाणा की जूनियर रग्बी टीमों का कैंप 15 से

**पानीपत।** पानीपत रग्बी की अध्यक्ष बबीता सिंह ने बताया कि हरियाणा की जूनियर रग्बी टीमों की राष्ट्रीय चैंपियनशिप की तैयारी के लिए 15 जून से लडक़े लड़कियों के अलग अलग प्रशिक्षण शिविर शुरू होंगे। लड़कियों का शिविर शहीद भगत सिंह स्पोर्टस अकादमी चरखी दादरी में होगा। कोच राजेश तक्षक, भामिनी पाण्डेय, ज्योति व प्रबंधक सुदेश तक्षक होंगे। जबकि लडक़ों का शिविरग्राम उग्राखेड़ी पानीपत रग्बी मैदान में होगा।

### जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने लिपिकों को ट्रेनिंग दी

**पानीपत।** जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी पानीपत नीलम कुंडू ने शुक्रवार को डायट पानीपत में जिले के शिक्षा विभाग के लिपिकों की बैठक लेकर स्कूल और खंड स्तर पर लंबित शिशु देखभाल, चिकित्सा बिल और आश्वासित कैरियर प्रगति मामलों की समीक्षा की। बीईओ ने सभी लिपिकों को सख्त आदेश दिए कि कोई भी मामला स्कूल या खंड स्तर पर लंबित न रखा जाए ताकि कर्मचारियों व उनके आश्रितों को समय पर लाभ मिल सके।

### अहंकार का त्याग करें: शास्त्री

**पानीपत।** श्री सनातन धर्म मंदिर, मॉडल टाउन में व्यास पीठ से कथा वाचक पंडित बृजकिशोर शास्त्री ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अपने अंदर किसी भी तरह का अहंकार ना पपने दें, अहंकार इंसान के पतन का कारण बनता है। इस अवसर पर मंदिर सभा के प्रधान तरुण गांधी ने कहा कि नागरिक अपने भीतर की ईर्ष्या और अहंकार रूपी 'मल' को साफ करके अपने हृदय को ही ईश्वर का पावन धाम बनाना इस कथा की असली सफलता है।

### मिड डे मील वर्कर्स ने बैठक की

**पानीपत।** मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा ने शिक्षा मंत्री पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए बड़ा आंदोलन घोषित किया। बैठक में सीटू राज्य सचिव सुनील दत्त और जिला प्रधान निर्मल अहलावत ने कहा कि यूनियन की साल से मांगें लंबित हैं। मांगें पूरी नहीं होने से वर्कर्स में सरकार के प्रति भारी रोष व्यप्त है।

### बैचलर ऑफ साइंस इन गृह विज्ञान कोर्स किया शुरू

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में युवाओं को आत्मनिर्भर और आधुनिक दौर के अनुकूल बनाने के उद्देश्य से इस शैक्षणिक सत्र से एक बड़ा और सराहनीय कदम उठाया है। कॉलेज प्रशासन ने नए सत्र से बैचलर ऑफ साइंस इन गृह विज्ञान का नया डिग्री कोर्स शुरू करने की आधिकारिक घोषणा की है।

## सरकार ने शीघ्र कार्रवाई का दिया आश्वासन

# पानीपत के उद्योगों को हरसंभव सहयोग देगी प्रदेश सरकार: ढांडा

**शिक्षा मंत्री से मिले हुडा औद्योगिक सेक्टर 25 व 29 के उद्यमी, लेबर, बिजली, सड़क, इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े मुद्दे उठे, मंत्री ने दिए त्वरित समाधान के संकेत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने शुक्रवार को पानीपत के सेक्टर 25 व 29 स्थित औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगपतियों के साथ संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। शिक्षा मंत्री महीपाल ढाँडा सैंकड़ो उद्योगपतियों से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने उद्योगपतियों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याओं, सुझावों और आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना तथा सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। बैठक में उद्योगपतियों ने लेबर की कमी, बिजली आपूर्ति, सड़क एवं सफाई व्यवस्था, औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विकास, तकनीकी प्रशिक्षण, कर संबंधी मुद्दों, पेयजल व्यवस्था तथा औद्योगिक विस्तार से जुड़े विभिन्न विषयों को प्रमुखता से उठाया। उद्योगपतियों ने कहा कि वर्तमान समय में कुशल श्रमिकों की उपलब्धता सबसे बड़ी चुनौती बनती जा रही है। कई इकाइयों में पर्याप्त वेतन देने के बावजूद श्रमिक नहीं मिल पा रहे हैं। इसके अलावा तकनीकी रूप से प्रशिक्षित युवाओं की कमी के कारण उद्योगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने विद्यालय स्तर से ही तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने का सुझाव भी दिया।



पानीपत। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा को साहित्य भेंट करते हुए उद्यमी।

### निवेश और उद्योग विस्तार को मिलेगा बल

बैठक में सेक्टर-29 के विभिन्न भागों में सड़क, स्ट्रीट लाइट, सफाई, कूड़ा निस्तारण, बाउंड्री वॉल, पेयजल और बिजली व्यवस्था को और बेहतर बनाने की मांग रखी गई। उद्योगपतियों ने बताया कि नए बिजली कनेक्शन लेने तथा अन्य विभागीय औपचारिकताओं में समय लगने से उद्योगों की कार्यप्रणाली प्रभावित होती है। उद्योग प्रतिनिधियों ने यह भी सुझाव दिया कि औद्योगिक क्षेत्रों में टेक्सटाइल एवं अन्य उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किए जाएं ताकि स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें और उद्योगों को प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध हो सके। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्र में स्कूल, कौशल विकास केंद्र तथा उद्योग-अकादमिक समन्वय को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। वहीं, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने उद्योगपतियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार उद्योगों को प्रोत्साहित करने तथा निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उद्योग राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उद्योगपतियों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। ढांडा ने कहा किपानीपत देश और प्रदेश का प्रमुख औद्योगिक केंद्र है। यहां के उद्योगों के विकास से लाखों लोगों को रोजगार मिलता है। उद्योगपतियों द्वारा उठाए गए प्रत्येक मुद्दे को संबंधित विभागों के समक्ष रखा जाएगा और प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। सरकार उद्योगों के विकास, रोजगार सृजन और बेहतर आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बैठक के दौरान उद्योगपतियों ने शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। मंत्री ने अधिकारियों को भी उद्योगों से जुड़े मामलों पर संवेदनशीलता के साथ कार्य करने तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर भाजपा नेता राजबीर आर्य सहित विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जनता की निष्काम सेवा करे पुलिस: अशोक

**आईजी करनाल रेंज ने पानीपत पुलिस के साथ अपराध समीक्षा बैठक की**



पाहनीपत। करनाल रेंज के आईजी अशोक कुमार, पानीपत पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पुलिस महानिरीक्षक करनाल मंडल अशोक कुमार शुक्रवार को पानीपत पहुंचे। उनके पानीपत पहुंचने पर पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने स्वागत किया। जिला सचिवालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधकों व चौकी इंचार्जों के साथ अपराध समीक्षा बैठक कर जिले में कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं लंबित मामलों की समीक्षा की। बैठक में सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने जिले में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने व अपराध नियंत्रण के संबंध किए गए कार्यो के बारे आईजी अशोक को विस्तृत जानकारी दी। इधर, आईजी अशोक कुमार ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि थाना व चौकी में आने वाले प्रत्येक पीड़ति की शिकायत को गंभीरता से सुनकर उसका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और लगन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। बैठक में एएसपी हर्षित गोयल, डीएसपी सतीश वत्स, राजबीर सिंह, नरेंद्र सिंह, नवीन संधू, प्रणय कुमार, मुकेश व सभी थाना प्रबंधक व चौकी इंचार्ज तथा विभिन्न ब्रांचों के इंचार्ज मौजूद रहे।

## मोदी सरकार के 12 साल सेवा, सुशासन गरीब कल्याण के स्वर्णिम युग: भट्ट



**पानीपत।** भाजपा जिला कार्यालय श्याम कमल में आयोजित मासिक बैठक में जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के स्वर्णिम काल के रूप में याद किए जाएंगे। 12 साल बेमिसाल अभियान के सभी लक्ष्य 21 जून तक पूरे किए जाएंगे। दुष्यंत भट्ट ने राम मंदिर निर्माण, जनधन योजना, स्वच्छ भारत, आयुष्मान भारत, डिजिटल इंडिया, अनुच्छेद 370 की समाप्ति, किसान योजनाओं व नई शिक्षा नीति को ऐतिहासिक उपलब्धियां बताया। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। युवाओं से नई तकनीक का सकारात्मक उपयोग कर शिक्षा विज्ञान में आगे बढने का आह्वान किया। प्रदेश संयोजक अवनीत कौर ने बताया कि हरियाणा के 23 जिला मुख्यालयों पर प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन होंगे। पानीपत के 19 मंडलों में 500-500 प्रबुद्ध नागरिकों की टीम बनाकर सम्मेलन सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वनिधि योजना को गरीबों के सशक्तिकरण का क्रांतिकारी कदम बताया और पौधारोपण पर जोर दिया। वहीं महापौर कोमल सैनी ने कहा कि कार्यकर्ता अंत्योदय की भावना से 2047 से पहले भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लें। संजय त्यागी व सुनील कंसल ने भाजपा की संगठन शक्ति और पानीपत की चारों सीटों पर जीत को जनता के विश्वास का प्रतीक बताया।

## अपने अंदर प्रभु भक्ति का भाव पैदा करें श्रद्धालु

- संत भवन इसराना साहिब गुरुद्वारा में बाबा संतोख सिंह को बरसी पर श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

आप किसी भी धर्म को मानने वाले हो आपको अपने अन्दर सबसे पहले भक्ति भाव पैदा करना होगा। जब तक उस परमपिता परमात्मा, ज्योति बिन्दु ओंकार का नाम जपोगे सबसे पहले उसका सिमरन करने के लिए भाव होना चाहिए, अगर आपके अन्दर भाव ही नहीं है तो कुछ भी सम्भव नहीं है। यह विचार इसराना के खालसा प्रचार संत भवन इसराना साहिब गुरुद्वारा में बाबा संतोख सिंह की 40वीं यादगार बरसी पर पहुंची साध संगत को सम्बोधित करते हुए संत राजेंद्र सिंह खालसा ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हमें महापुरुषों के बताये मार्गो पर चलना चाहिए ओर उनकी वाणी का सुमिरन करना चाहिए। उन्होंने कहा की बाबा संतोख सिंह ने कभी भी दिखावा ओर आडम्बर नहीं किया। जिस आम के पेड़ के नीचे बैठकर उन्होंने भक्ति की भजन सुमिरन किया उसी आम के पेड़ को कटवा दिया कि एक दिन कहीं लोग पाखंड में पड़ कर इसी आम के पेड़ के नीचे ज्योत, दीपक पूजा शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि हमें महापुरुषों के बताये मार्ग पर चल सुमिरन भजन करना चाहिए तभी हमारा जीवन सफल होगा।



इसराना। संत भवन इसराना साहिब गुरुद्वारा में सत्संग करते संत बाबा राजेंद्र सिंह खालसा।

## योग शिक्षा से होगा छात्रों का समग्र विकास : वीरेंद्र

- आर्य कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति में योग शिक्षा की भूमिका पर आईडीवाई प्रोटोकॉल सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा योग आयोग के प्रायोजन में योग क्लब, आर्य पी.जी. कॉलेज, पानीपत द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में योग शिक्षा की भूमिका विषय पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) प्रोटोकॉल सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ-साथ योग शिक्षा के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी एवं योग साधक विरेंद्र शिंगला ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि जीवन जीने की एक संपूर्ण पद्धति है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में योग को महत्व दिया जाना भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को नई पीढ़ी से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रतिदिन योग करने का आह्वान किया। इधर, प्रायार्य प्रो. (डॉ.) जगदीश गुप्ता ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थियों के समग्र विकास पर बल देती है तथा योग शिक्षा इस उद्देश्य की पूर्ति का सशक्त माध्यम है। योग विद्यार्थियों में अनुशासन, एकाग्रता, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच का विकास करता है। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) जगदीश गुप्ता ने सम्मेलन में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।



पानीपत। आर्य कॉलेज में आईडीवाई सम्मेलन में अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्या डॉ. जगदीश गुप्ता।

### खुलकर हंसना भी है एक श्रेष्ठ योग

विशिष्ट अतिथि संजय, योग प्रशिक्षक ने हास्य योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खुलकर हंसना भी एक प्रकार का योग है, जो तनाव को दूर कर मन को प्रसन्न एवं शरीर को स्वस्थ बनाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में हास्य योग को अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर संसाधन व्यक्ति नीलिमा, योग विशेषज्ञ, आयुष विभाग, जसमेर सिंह, कार्यक्रम के आयोजन सचिव प्रो. पंकज चौधरी, योग क्लब प्रभारी डॉ. रजनी शर्मा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीषा दुडेजा, भारतीय योग संस्थान के अध्यक्ष हवा सिंह, नरेश कम्बोज, दीपक सचदेवा ने भी योग को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## योग शिक्षकों को प्रमाण पत्र बांटे

**पानीपत।** पानीपत की परशुराम कॉलोनी स्थित भगवान परशुराम मंदिर में योग शिविर में अशोक अरोरा, बलवान शर्मा, रामपाल शर्मा, बलवान सिंह व शीशपाल ने योग का प्रशिक्षण दिया। जबकि मीना शर्मा, मंजू राणा, दिनेश कुमार, रमेश चौहान ने सह शिक्षक का कोर्स पूरा किया। इन्हें नव युवक ब्राह्मण सभा के प्रधान जेपी शर्मा द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर ईश्वर, नारायण दत्त, अरूण व प्रतिभा आदि उपस्थित रहे।

## जिला रोजगार मेले में 15 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**पानीपत।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा कार्यालय परिसर में रोजगार मेला का आयोजन हुआ। वहीं, जिला रोजगार अधिकारी डॉ. ऋतु चहल ने कहा कि रोजगार मेले युवाओं और नियोक्ताओं के बीच एक प्रभावी सेतु का कार्य करते हैं। ऐसे आयोजनों से युवाओं को रोजगार प्राप्त करने के अवसर मिलते हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपनी प्रतिभा को सही मंच पर प्रदर्शित कर पाते हैं। वहीं, रोजगार मेले में एसआईएस लिमिटेड, एक्सिस बैंक एवं भारत फाइनेंस जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया पंद्रह अभ्यर्थियों का चयन किया।

## कारगिल वीर हवलदार विजय सिंह का 28वां बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

पानीपत के गांव पुठर में बलिदानी हवलदार विजय सिंह का 28वां बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सैनिक कल्याण संगठन जिला पानीपत के अध्यक्ष राजवीर शर्मा ने करते हुए कहा कि बलिदानी विजय सिंह ने कारगिल युद्ध के दौरान बहादुरी का परिचय देते हुए अपने सीने पर गोली खाकर देशपर अपने प्राण न्योछावर कर दिए। ऐसे बलिदानियों को श्रद्धाजंलि देना उस परिवार व पूर्व सैनिकों का ही कर्तव्य नहीं है बल्कि यह पूरे गांव वालों का भी है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा बलिदानियों के श्रद्धाजंलि देने के सभी प्रोग्राम सार्वजनिक स्थान या स्कूलों में होने चाहिए ताकि हमारे आने वाली पीढ़ी को पता चल सके की बलिदानी हवलदार विजय सिंह कौन थे। इस मौके पर हवलदार वेद सिंह, हवलदार महेंद्र सिंह, सूबेदार राजकुमार शर्मा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला के समरसता विभाग के संयोजक सत्यवान मौजूद रहे। पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के पूर्व सैनिकों ने बलिदानी की वीरांगना धर्मपत्नी विमला देवी को सम्मान पत्र वह शाल भेंट किया गया।



इसराना। कारगिल शहीद विजय सिंह को श्रद्धांद्धलि देते हुए पूर्व सैनिक संगठन।

## किसान पंजीकरण करें-डीसी

**पानीपत।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आगामी सीजन 2026-27 के लिए 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर गन्ने सहित अन्य फसलों के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ ने किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और फसल खरीद व्यवस्था को अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिले के किसानों से समय रहते अपनी फसलों का पंजीकरण कराने की अपील करते हुए बताया कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त करने, गन्ने की सुचारू खरीद सुनिश्चित करने तथा किसानों को समयबद्ध और पारदर्शी भुगतान उपलब्ध कराने के लिए 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य किया गया है।

## बिजली निजीकरण का विरोध किया

**पानीपत।** बिजली उपभोक्ता मंच हरियाणा ने इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड ग्रुप द्वारा गुडग़ांव व नूंह जिलों के बिजली वितरण लाइसेंस के लिए हरियाणा इलैक्ट्रिसिटी रैगुलेटरी कमीशन में किए आवेदन को तुरंत खारिज करने की मांग की है। राज्य सचिव मेहर सिंह बांगड़ और राज्य प्रधान इन्द्र सिंह मलिक ने संयुक्त बयान में कहा कि यह पिछले दरवाजे से बिजली वितरण को निजी कंपनियों के हवाले करने की साजिश है।

**सार्वजनिक सूचना**

सभी आम व खास जन को सूचित किया जाता है कि नई अनाज मण्डी, पानीपत में दुकान नम्बर 100, साइज 20×85, दिनांक 10.09.1990 को मैं. प्रेम चन्द पवन कुमार प्रो. श्री कशमिरी लाल प्रेम चंद के नाम अलाट की गई थी जिसकी दिनांक 12.09.2002 को मैं. दीन दयाल राम निवास प्रो. श्री दीन दयाल के नाम तहसीलदार पानीपत कार्यालय द्वारा डीड ऑफ कन्वैन्स करवा दी थी। अब यह है कि श्री दीन दयाल की दिनांक 07.12.2022 को मृत्यु हो गई थी। कार्यालय तहसीलदार पानीपत पत्र दिनांक 19.04.2024 के तहत श्री दीन दयाल के वारसान 1. फुलपति पत्नी स्व. श्री दीन दयाल 2. सुनील गोयल पुत्र 3. राम निवास गोयल पुत्र 4. रामरति पुत्री 5. पिंकी बंसल पुत्री 6. कौशल्या सिंगला पुत्री स्व. श्री दीन दयाल के 6 समभाग वारसान है।

अत: सभी आम व खास जन को उपरोक्त वारसान बारे कोई दावा/आपत्ति है तो प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर कार्यालय मार्किट कमेटी, पानीपत में लिखित रूप में दस्तावेज सहित अपना दावा प्रस्तुत करें, अन्यथा दुकान न. 100 को उपरोक्त वारसान 1. फुलपति पत्नी 2. सुनील गोयल पुत्र, 3. राम निवास गोयल पुत्र, 4. रामरति पुत्री, 5. पिंकी बंसल पुत्री 6. कौशल्या सिंगला पुत्री के नाम ट्रांसफर कर दी जाएगी और बाद में कोई आपत्ति/दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी, मार्किट कमेटी, पानीपत**

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर एमडीडी ऑफ़ इंडिया जागरूकता अभियान चलाया

# बाल श्रम कराना कानूनन अपराध: मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर एमडीडी ऑफ़ इंडिया ने पुलिस व प्रशासन के सहयोग से रेलवे स्टेशन पर बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। वहीं, यह अभियान राज्य सरकार के विभिन्न विभागों और एजेंसियों की ओर से जून को बाल मजदूरी के खिलाफ कार्रवाई माह के रूप में मनाने के बाबत जारी अधिसूचना व निर्देशों के तहत की गई। पानीपत जिला में बाल मजदूरी के खिलाफ जनजागरूकता अभियान में जिला प्रशासन, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, स्टेट क्राइम ब्रांच, बाल कल्याण समिति, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग और समाज के जागरूक कार्यकर्ता शामिल हैं। वहीं, कानून लागू करने वाली एजेंसियों और जिला प्रशासन को हरसंभव सहयोग का वादा करते हुए एमडीडी ऑफ़ इंडिया के निदेशक सुरेंद्र सिंह मान ने कहा कि शोषण व मजदूरी से मुक्त कराए गए हर बच्चे के शिक्षा के अधिकार, सुरक्षा व गरिमा की आज एक बार फिर बहाली हुई है। बाल श्रम बच्चों को उनके बचपन और मूल अधिकारों से महरूम कर देता है।

### ये रहे मौजूद

इस जागरूकता अभियान में स्टेट क्राइम ब्रांच इंचार्ज एसआई संदीप कुमार, एएसआई जगबीर सिंह, हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण से पैनल एडवोकेट नीलम, पैरा लीगल वॉलंटियर सुषमा, सीबीआई रिटायर्ड कर्मचारी सुभाष चंद, आरपीएफ एवं जीआरपी अधिकारी आदि रहे।

## जरूरतमंदों का सहयोग करें सामाजिक संस्थाएं

- उपायुक्त ने समाजसेवी संस्था फैला उजियारा फाउंडेशन की प्रशंसा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

फैला उजियारा फाउंडेशन की अध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक ने शुक्रवार को जिला उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर संस्था द्वारा शिक्षा, सामाजिक जागरूकता एवं जनहित से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी उपायुक्त डॉ वशिष्ठ को दी। वहीं, रंजीता कौशिक ने बताया कि फैला उजियारा फाउंडेशन समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। संस्था प्रत्येक वर्ष आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कन्याओं के विवाह संपन्न करवाकर सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करती है। इधर, उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने फैला उजियारा फाउंडेशन व रंजीता कौशिक की कार्यप्रणाली की सरहाना करते हुए प्रशासन उन्हें हर संभव सहयोग देगा।



पानीपत। फैला उजियारा फाउंडेशन की अध्यक्ष रंजीता कौशिक, डीसी डॉ. हरीश वशिष्ठ को बुके भेंट करते हुए।

**खबर संक्षेप**

### आईटीआई में 20 को मेगा जॉब फेयर

**अंबाला।** मूलचंद राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अंबाला छावनी के प्राचार्या यशपाल ने बताया कि सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 20 जून 2026 तक प्रदेश भर में जनसंपर्क अभियान, जनकल्याण शिविर,सभागार बैठकें व रोजगार मले का आयोजन किया जा रहा है। मूलचंद राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में भी एक भव्य मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित उद्योगों एवं कंपनियों द्वारा भाग लिया जाएगा।

### सूची से अपात्र मतदाताओं के कटेंगे नाम : दर्शन

**अंबाला।** अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं उपमण्डल अधिकारी दर्शन कुमार ने कहा कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल करना तथा अपात्र नामों को हटाकर मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना है। उन्होंने शुक्रवार को पंचायत भवन के सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर चुनाव तहसीलदार गुलशन शर्मा ने भी कार्यक्रम की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

### प्लेसमेंट ड्राइव 41 युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

**अंबाला।** उप मंडलीय रोजगार कार्यालय अंबाला छावनी में आज एक प्लेसमेंट ड्राइव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन सहायक रोजगार अधिकारी साहिल त्यागी के मार्गदर्शन में किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में रामाया हेल्थकेयर तथा एलआईसी इंडिया ने भाग लिया और उपस्थित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। इस अवसर पर कुल 41 अभ्यर्थियों ने भाग लेकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठाया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

### धमकी देने के मामले में एक आरापी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 की पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी गुरमेज सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता अभिषेक निवासी मंदिर कृष्ण कृपा धाम सेक्टर-8 ने 11 जून 2026 को शिकायत दी थी कि 10 जून 2026 को आरोपी हरिंद्र ने चाकू दिखाकर उसे जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने संलिप्त आरोपी को काबू किया है।

### सूची से अपात्र मतदाताओं के कटेंगे नाम

**अंबाला।** अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी दर्शन कुमार ने कहा कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य पात्र का नाम मतदाता सूची में शामिल करना व अपात्र नामों को हटाकर मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना है।

## पूर्व राज्यमंत्री व उपायुक्त ने बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों को दिए निर्देश

# मानसून में जलभराव से तीव्र निपटान के लिए हो व्यापक व्यवस्थाएं : गोयल

सीएम घोणनाओं पर चल रहे विकास कार्यों की प्रगति को लेकर भी अफसरों से ली रिपोर्ट, कार्यों का समयबद्ध पूरा करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला




**अंबाला।** समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल। *फोटो : हरिभूमि*

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने शुक्रवार को अंबाला शहर के लोक निर्माण विश्राम गृह में उपायुक्त अजय सिंह तोमर की अध्यक्षता में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मानसून सीजन के तहत जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री की घोषणाओं के तहत नए विकास कार्यों एवं अन्य घोषणाओं को भी बेहतर समन्वय के साथ तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री का यहां पहुंचने पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। इस मौके पर उनके साथ नगर निगम कमिश्नर वीरेंद्र सहरावत, अतिरिक्त उपायुक्त विराट, अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त दीपक सूरा, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल विशेष रूप मौजूद रहे। पूर्व राज्यमंत्री ने इस मौके पर विभागीय अधिकारियों के साथ मानसून सीजन के तहत जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए किए जा रही तैयारियों एवं कार्यों बारे विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विशेषकर नगर निगम, सिंचाई विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, एनएचएआई के साथ-साथ अन्य विभागों द्वारा जो कार्य किए जा रहे हैं उसकी बिंदुवार समीक्षा की। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री की घोषणाओं के तहत नए विकास कार्यों की भी जानकारी ली। उन्होंने यह भी कहा कि हमें अपने गुरूओं के इतिहास, पराक्रम के बारे जानकारी देने के लिए युवा पीढ़ी को जागरूक करना जरूरी है। आज के समय में युवा अपने इतिहास को भूलते जा रहे है। इसके लिए यह कदम काफी सराहनीय है। इस दौरान वीएलडीए कॉलेज, राजकीय कॉलेज बलदेवनगर, नागरिक अस्पताल अंबाला शहर का विस्तार, कैनाल की ड्रोन पेचिंग का कार्य, वातानुकूलित बारात घर जडौत रोड़, केंद्रीय कारागार का स्थानांतरण करने, नग्गल पीएचसी का विस्तार, डॉक्टरों के लिए आवास की सुविधा, एनएच-65 के तहत किए जाने वाले कार्यों, सिंथेटिक ट्रैक, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, फायर स्टेशन, नगर निगम कार्यालय, मल्टी लेवल पार्किंग के साथ अन्य घोषणाओं की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को कहा कि जल भराव की स्थिति से तीव्रता से निपटा जा सके, इसके लिए पम्पों की व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, सीईओ जिला परिषद गगनदीप, अधीक्षक अभियंता भूपेंद्र सिंह, अधीक्षक अभियंता मुनीष कुमार, डीआरओ राजेश ख्यालिया, कार्यकारी अभियंता रितेश गोयल, कार्यकारी अभियंता कर्णवीर, कार्यकारी अभियंता संदीप कुमार, कार्यकारी अभियंता सुमित मलिक भी मौजूद रहे।

**अनवाश्यक देरी पर होगी कड़ी कार्रवाई**

असीम गोयाल ने यह भी कहा कि आयोजित बैठक के दौरान अधिकारियों ने भी उन्हें आश्वस्त किया कि है कि सभी घोषणाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि यदि किसी परियोजना के कार्य में किसी एजेंसी या ठेकेदार द्वारा कोई अनावश्यक देरी की जा रही है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। गोयल ने राज्य की कक्षा आठवीं के इतिहास पाठ्यक्रम में सिक्ख गुरूओं तथा बाबा बंदा सिंह बहादुर के जीवन, संघर्ष व बलिदान को शामिल करने पर बेहद खुशी जताई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जो कहा है उसे करके दिखाया है। यह एक एतिहासिक कदम है जिसकी वे हृदय की गहराईयों से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं।

# डाकघर में आधार सेवाएं शुरू सुधार की सभी सुविधाएं उपलब्ध



**शहजादपुर।** डाकघर में चल रहा आधार सेंटर।

- 50 से अधिक लाभार्थी होने पर गांवों और शहरी वार्डों में भी लगाए जाएंगे आधार सेवा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

डाक विभाग अपनी पारंपरिक डाक एवं वित्तीय सेवाओं के साथ-साथ आधार संबंधी सेवाएं भी प्रदान कर रहा है। इसी क्रम में डाकघर में आधार सेवा केंद्र की सुविधा शुरू कर दी गई है, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को आधार से जुड़ी विभिन्न सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर मिल सकेगा।

उप डाकपाल शीशपाल ने बताया कि डाकघर में प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक आधार सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। नागरिक यहां नए आधार नामांकन, आधार में नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, फोटो आदि में संशोधन, बायोमेट्रिक अपडेट तथा अन्य आधार संबंधी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। अंबाला मंडल के प्रवर अधीक्षक डाकघर विजय कुमार ने बताया कि डाक विभाग द्वारा आधार सेवाओं के विस्तार के लिए विभिन्न आधार सेवा केंद्र सुचारू रूप से संचालित किए जा रहे हैं। वर्तमान में सेक्टर-4 पंचकूला, सेक्टर-8 पंचकूला, सेक्टर-15 पंचकूला, नारायणगढ़ तथा कालका में प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा आधार संबंधी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इन केंद्रों पर टोकन व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सभी केंद्रों पर कार्य दिवसों में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक सेवाएं प्राप्त की जा सकती हैं। यदि किसी ग्राम पंचायत या शहरी वार्ड में 50 या उससे अधिक लाभार्थी उपलब्ध हों तो ग्राम पंचायत, सरपंच, नगर पार्षद अथवा संबंधित जनप्रतिनिधि की ओर से अनुरोध किए जाने पर विशेष आधार सेवा शिविर भी आयोजित किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी आधार सेवा केंद्र पर आधार संबंधी कार्य करवाने में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी, आनाकानी अथवा अन्य समस्या का सामना करना पड़ता है तो नागरिक सीधे कार्यालय प्रवर अधीक्षक डाकघर, प्रथम तल, जीपीओ भवन अथवा दूरभाष नंबर 0171-2645727 पर संपर्क कर सकते हैं।

# नियमित योगाभ्यास के लाभ बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना



उचाना। योग शिविर में हिस्सा लेते एसडीएम रमित यादव एवं अधिकारी, कर्मचारी।

उचाना मंडी के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयुष विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम रमित यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उपमंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योगाचार्य कुलदीप सिंह, सतीश कुमार ने प्रतिभागियों को योग की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया और नियमित योगाभ्यास के लाभों के बारे में जानकारी दी। डॉ. चेतना शर्मा ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक तनाव को दूर कर व्यक्ति को सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करता है। सभी से दैनिक जीवन में योग को शामिल करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य प्रतिभागियों ने नियमित रूप से योग करने का संकल्प लिया। इस मौके पर बीईओ उचाना ओमप्रकाश आर्य, सतीश कुमार, उषा रानी, सुरेंद्र कुमार, संदीप सिंह, मीना शर्मा मौजूद रही।

### डॉ. अर्चना के जींद आगमन पर होगा भव्य स्वागत : राणा

**उचाना।** भाजपा उचाना मंडल महामंत्री रमेश राणा ने कहा कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता 16 जून को जींद स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचेंगी। प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद उनका यह पहला जींद दौरा होगा। उनके आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और स्वागत की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। राणा ने बताया कि डॉ. अर्चना गुप्ता के प्रथम जींद आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। उचाना हलके से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम में भाग लेंगे। डॉ. अर्चना गुप्ता का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करेगा तथा पार्टी को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

# मारकंडा मंदिर के प्रमुख महंत जयंतीदास उदासीन महाराज ब्रह्मलीन, शोक की लहर

- जयंतीदास का जीवन धर्म, सेवा, साधना व समाजसेवा को समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



**बराड़ा।** जयंतीदास उदासीन महाराज।

प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मारकंडा मंदिर तंदवाल-हरयोली के प्रमुख महंत परम पूज्य जयंतीदास उदासीन महाराज के ब्रह्मलीन होने की सूचना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन को धार्मिक एवं सामाजिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। श्रद्धालुओं, संत-महात्माओं तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। महंत जयंतीदास उदासीन महाराज पिछले काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वे अस्पताल में उपचाराधीन थे। उपचार के दौरान ही उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके ब्रह्मलीन होने का समाचार फैलते ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लग गया। भक्तों ने पहुंचकर उनके अंतिम दर्शन किए तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। महंत जयंतीदास उदासीन महाराज ने अपना संपूर्ण जीवन धर्म, सेवा, साधना और मानव कल्याण के कार्यों को समर्पित किया। उनके मार्गदर्शन में मारकंडा मंदिर तंदवाल-हरयोली न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बना, बल्कि सामाजिक और आध्यात्मिक गतिविधियों का भी प्रमुख केंद्र रहा। उन्होंने समाज में प्रेम, भाईचारे और मानव सेवा का संदेश दिया तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता को सदैव प्राथमिकता दी। इस अवसर पर पहुंचे श्रद्धालुओं का कहना है कि महंत के सान्निध्य में हजारों लोगों ने आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त किया।



उचाना। पत्रकारों से बातचीत करते कांग्रेस नेता संजीव डूमरखा।

### हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना जरूरी

**उचाना।** कांग्रेस नेता संजीव डूमरखा ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में बीएलए-2 (बूथ लेवल एजेंट-2) की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। बीएलए-2 मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने, नए मतदाताओं का पंजीकरण कराने तथा पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करवाने में अहम जिम्मेदारी निभाते हैं। कांग्रेस संगठन भी बूथ स्तर पर अपने कार्यकर्ताओं को कार्य के लिए सक्रिय कर रहा है। कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना जरूरी है। बीएलए-2 कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करने के साथ-साथ सूची में त्रुटियों को दूर कराने में भी सहयोग करते हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर अधिक से अधिक लोगों को मतदाता सूची से जोडने का कार्य करें। कांग्रेस संगठन बूथ स्तर को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

# एसआईआर को लेकर भाजपा का संकल्प सही वोट कोई कटे न, गलत बचे न

- बैठक में मोर्चा पदाधिकारी व बीएलए को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



**अंबाला।** रेस्ट हाउस के बाहर मौजूद भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

ऊर्जा ,परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी महेश नगर मंडल की बैठक लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह अंबाला छावनी में मंडल अध्यक्ष हर्ष बिंद्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।इसमें बीएलए पुनीत सरपाल ने मतदाता शुद्धिकरण सूची के कार्य बारे विस्तार से बताया। उन्होंने बताया की जिनकी वोट बनी हुई है वह अपने घर में रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो रखें । अपने घर के हर सदस्य की जिसकी वोट बनी हुई है उसकी जन्म तिथि भी नोट करके रखें। ताकि बूथ लेवल अधिकारी को परेशानी न हो। मंडल प्रभारी विजेंद्र चौहान ने एसआईआर के महत्व को समझाते हुए मंडल के कार्यकर्ताओं से आग्रह किया से घर-घर जाकर मतदाता सूची का शुद्धिकरण कराएं। उन्होंने कार्यकर्ता से आग्रह किया कि सही वोट कोई कटे नहीं गलत वोट कोई बचे नहीं। बैठक में महेश नगर मंडल कार्यकारिणी के सदस्य, मोर्चा के पदाधिकारी,बीएलए 2,बूथ अध्यक्ष व अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश प्रचार सचिव बने महाबीर मित्तल



**सफीदों।** सफीदों क्षेत्र के समाजसेवी महाबीर मित्तल को अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा में प्रदेश प्रचार सचिव के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला द्वारा मित्तल की सामाजिक सक्रियता, संगठन के प्रति समर्पण और पत्रकारिता में लंबे अनुभव को ध्यान में रखते हुए की गई है। इस नियुक्ति की खबर मिलते ही नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में अग्र बंधुओं में खुशी की लहर दौड़ गई। महाबीर मित्तल को बधाई देने के लिए लोगों का तांता लगा हुआ है। विभिन्न सामाजिक संगठनों, पत्रकारों और गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए इस जिम्मेदारी के लिए उपयुक्त चयन बताया तथा कहा कि मित्तल के नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा और समाज के हित में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए कहा कि उन्हें महाबीर मित्तल की कार्यशैली और अनुभव पर पूरा भरोसा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मित्तल संगठन की नीतियों और उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करते हुए प्रदेश स्तर पर समाज को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। नवनियुक्त प्रदेश प्रचार सचिव महाबीर मित्तल ने इस जिम्मेदारी के लिए प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला और संगठन के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो विश्वास उन पर जताया हैए उस पर वे पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

### 15 लाख की धोखाधड़ी में एक आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** साजिश रचकर 15 लाख रूपये की धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपी फूल सिंह को गिरफ्तार किया है। यमुनानगर की सरांवा की टपरियां के रहने वाले राजेश कुमार ने 5 जनवरी 2026 को थाना बराड़ा में शिकायत दी थी कि 17 जुलाई 2023 से 28 अक्तूबर 2023 के बीच आरोपी संजीव, कमल कुमार व अन्य ने साजिश रचकर धोखाधड़ी व जालसाजी कर उससे 15 लाख रूपये ठग लिए हैं। आरोपियों ने लिखित इकरारनामा करके 15 लाख रूपये उधार लिए न तो आरोपियों ने रकम वापिस की बल्कि जमीन बेचने के नाम पर एक झूठा और जाली इकरारनामा भी तैयार करवा लिया। मामले में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## डीएसआर से 25 से 35 प्रतिशत तक होती है पानी की बचत

# धान की सीधी बिजाई पर मिलेंगे 4500 रुपये प्रति एकड़

किसानों की नहीं होगी नर्सरी तैयार करने, पौधों की उखाड़ने व खेत की रोपाई की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा




क्षेत्र में लगातार गिरते भूजल स्तर को बचाने और खेती की लागत कम करने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा धान की सीधी बिजाई (डीएसआर) योजना को बढ़ावा दिया जा रहा है। विभाग की ओर से किसानों को इस योजना का लाभ लेने के लिए जागरूक किया जा रहा है। योजना के तहत पारंपरिक धान रोपाई के बजाय सीधी बिजाई अपनाने वाले किसानों को राज्य सरकार की ओर से 4500 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। धान की सीधी बिजाई तकनीक जल संरक्षण की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हो रही है। इस पद्धति से धान की खेती करने पर पारंपरिक रोपाई की तुलना में लगभग 25 से 35 प्रतिशत तक पानी की बचत होती है। साथ ही किसानों को नर्सरी तैयार करने, पौधों को उखाड़ने और खेत में रोपाई कराने की आवश्यकता नहीं पड़ती, जिससे मजदूरी और समय दोनों की बचत होती है।

**पौधों को दूसरे स्थान पर लगाने की जरुरत नहीं**

पारंपरिक पद्धति में खेतों में लंबे समय तक पानी भरकर रखने से पानी की अधिक खपत होती है, जबकि सीधी बिजाई में ऐसा नहीं होता। इससे मिट्टी की पानी सोखने की क्षमता बेहतर बनी रहती है और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली मीथेन गैस के उत्सर्जन में भी कमी आती है। इसके अलावा पौधों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर लगाने से होने वाला तनाव भी समाप्त हो जाता है, जिससे फसल का विकास बेहतर होता है। किसान सीधी बिजाई से पहले खेत को लेजर लैंड लेवलर से अच्छी तरह समतल अवश्य करें, ताकि पानी का समान वितरण हो सके। इस पद्धति में खरपतवार की समस्या अपेक्षाकृत अधिक रहती है, इसलिए बुवाई के तुरंत बाद या अगले 24 से 48 घंटे के भीतर खेत में पर्याप्त नमी होने पर खरपतवार नियंत्रण की दवा का छिड़काव करना जरूरी है।

### अवैध कनेक्शन करने वालों को नोटिस

**उचाना।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने अवैध पानी, सीवरेज कनेक्शन करने वालों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। अवैध रूप से कनेक्शन लेने के मामले में नोटिस जारी किए गए हैं। विभाग की ओर से आगे भी जांच जारी रखी जाएगी।

